हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, गुरुवार, मई 9, 2024

13 जिले में 91 प्रतिशत सरसों और 69 फीसदी गेहूं ..



14 रेडक्रॉस स्वयंसेविकाओं ने ली शपथ



**खबर संक्षेप**

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

**बहादुरगढ़।** बादली थाना क्षेत्र से संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती लापता हो गई है। एक व्यक्ति ने कहा है कि छह मई की रात को हम सभी परिवार के सदस्य सो गए थे। सुबह उठे तो 21 वर्षीय बेटी नहीं मिली। तमाम रिश्तेदारी और संभावित ठिकाने खंगाल चुके हैं लेकिन उसका कुछ अता-पता नहीं है। आशंका है कि उसे किसी ने कहीं छिपा रखा है। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, बादली थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### चोरी की बाइक बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** बाइक चोरी कर बेचने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी नाबालिग है। उसने पूछताछ में वारदात का खुलासा कर दिया है। दरअसल, दिल्ली के निवासी रविदत्त की बहादुरगढ़ के लाइनपार थाना क्षेत्र से बाइक चोरी हो गई थी। इस संबंध में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस ने पहले एक युवक को चोरीशुदा बाइक सहित काबू किया। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि ये बाइक उसने चोरी नहीं की, बल्कि खरीदी है। इसके बाद पुलिस ने आगे कार्रवाई करते हुए एक नाबालिक को काबू किया। आरोपी ने पूछताछ के अंदर वारदात का खुलासा कर दिया है।

### गर्मी में इजाफे से बढ़ी नींबू की बिक्री

**बहादुरगढ़।** कुछ दिनों से बढ़ रही गर्मी के चलते नींबू की बिक्री और दामों में काफी इजाफा हुआ है। नींबू विक्रेताओं की अच्छी खासी आमदनी हो रही है। चूंकि पसीना आने से शरीर में लवणों की कमी भी नींबू पूरी करता है। इसीलिए इसकी बिक्री में इजाफा हुआ है। नींबू की रेहड़ी लगाने वाले सतप्रकाश ने बताया कि नींबू महंगा अवश्य है, लेकिन उसकी बिक्री में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आ रही है।

## मॉडलिंग से फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने वाले अभिषेक डागर ने मायानगरी में बनाई नई पहचान

कुमार राकेश कायत ▶▶| झज्जर



झज्जर। बालवीर में हाबो की भूमिका में अभिषेक डागर।

- अपने अभिनय से कुछ ही दिनों में लोगों को प्रभावित करना शुरू कर दिया

यदि कोई व्यक्ति जीवन में निर्धारित किए गए लक्ष्य को पाने के लिए अथक मेहनत करे तो जीवन में आने वाली कठिनाइयां भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करने वाला व्यक्ति एक न एक दिन अपनी मंजिल पर जरूर पहुंचता है। फिल्मों में अभिनय करने का जुनून रखने वाले जिले के जौंधी गांव निवासी अभिषेक डागर ने भी कुछ ऐसा ही कर दिखलाया है। फिल्म इंडस्ट्री में नाम कमाने का जज्बा रखने वाले अभिषेक ने होटल मैनेजमेंट का कोर्स करने के बाद एक क्रूज शिप में नौकरी शुरू की। लेकिन फिल्मी कलाकार बनने का जुनून उस पर वहां भी हावी रहा। इसी के चलते उसने नौकरी से छुट्टी मिलने पर फिल्म इंडस्ट्री में मॉडलिंग का काम शुरू किया। अभिषेक में एक्टिंग का शौक इस कदर कूट-कूट कर भरा था कि कुछ ही समय के दौरान उन्होंने अपने अभिनय से लोगों को प्रभावित करना शुरू कर दिया। जिसके बाद उसे जहां टीवी सीरियलों में काम मिलने लगा वहीं कुछ उत्पादों के विज्ञापन के लिए भी उसे ऑफर आने लगे। बकौल अभिषेक डागर कोरोना काल के दौरान उसका काम ठप्प पड़ गया जिस कारण करीब तीन वर्ष उसे घर पर बैठना पड़ा। लेकिन घर पर रहकर भी उसने अपने अभिनय के शौक को मिटने नहीं दिया और वह लगातार फिल्म इंडस्ट्री के निर्माता, निर्देशकों के टच में रहा। उन्होंने बताया कि यह इसी का परिणाम है कि उसे वर्ष 2022 में फिर से फिल्म इंडस्ट्री में बुलाया गया। इसके बाद उसे टीवी सीरियल में कैमियो रोल मिलने शुरू हुए। सुपर स्टार शाहरुख खान की हिंदी फिल्म जवान में स्टूडेंट का अभिनय व बहुचर्चित मूवी एनिमल में एक्शन सीन में मास्क पहन कर भी कार्य किया है।

### खुद अपनी वेबसीरीज शुरू करने का लक्ष्य

इसके अलावा वरुण धवन की फिल्म बवाल में उसने अभिनय का जलवा दिखाया वहीं वेबसीरीज सुलतान ऑफ दिल्ली में भी साइड एक्टर की भूमिका व कंट्रोल रूम वेबसीरीज में मुख्य कार्यालय ऑफिसर का किरदार चुके हैं। टीवी सीरीयल स्वराज में भी उन्होंने विदेशी पात्र की भूमिका निभाई है। अब उनका लक्ष्य है कि वे खुद अपनी वेबसीरीज शुरू करें। इसके लिए उन्होंने स्क्रिप्ट भी तैयार करवा ली है।

### बालवीर सीरियल में हाबो पात्र की भूमिका से बच्चों में भी मिली पहचान

बकौल अभिषेक डागर इन सभी पात्रों की भूमिका के अलावा बच्चों के लिए बनाए गए बालवीर सीरियल में हाबो करेक्टर की भूमिका के बाद उसे नई पहचान मिली। इस सीरियल में उसने अंधेर का डुप्लीकेट भी किया। हाबो करेक्टर की भूमिका निभाने के बाद उसने बच्चों के दिलों में भी अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

## बेरी में पीट-पीटकर एक व्यक्ति की हत्या

### शरीर पर मिले घसीटने के निशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



मृतक रविन का फाईल फोटो।

- व्यक्ति का शव गली में पड़ा मिला

कस्बा बेरी में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या करने की वारदात को अंजाम दिया गया। व्यक्ति का शव गली में पड़ा मिला। परिजनों को पता चलने पर सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए शव को नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान बेरी के हिंदयान पाना निवासी करीब 43 वर्षीय रविन पुत्र रामफल के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी जयपान ने बताया कि उन्हें कंट्रोल रूम से सूचना मिली थी कि गांव के जयराम आश्रम के नजदीक एक व्यक्ति का शव पड़ा है। जब वे मौके पर पहुंचे तो उसके परिजन शव के पास मौजूद थे। शव पर घसीटे जाने के निशान हैं।

बाद में एफएसएल टीम द्वारा भी घटनास्थल पहुंच कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए गए। फिलहाल परिजनों की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। मौत के कारणों की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल पाएगी। पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### गांव के लोगों को ठहराया हत्या का जिम्मेदार

पुलिस को दी शिकायत में बेरी के हिंदयान पाना निवासी रामबीर पुत्र ज्ञानीराम ने बताया कि बुधवार सुबह उसे सूचना मिली कि उसका भतीजा रविन कुमार पुत्र रामफल बैठान पाने की गली में मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलने उपरांत जब उसने मौके पर जाकर देखा तो गली में रविन कुमार का शव पड़ा था। रामबीर का आरोप है कि उसके भतीजे रविन कुमार की चोट मार हत्या की गई है। जिसके बाद उसके शव को कमर में तोलियां बांधकर घसीटते हुए गली में लाकर छोड़ दिया गया है। इस संबंध में उसने गांव के विजय, हरेंद्र, बिजेंद्र व संकित नाम लोगों को हत्या का जिम्मेदार ठहराया है।

## पीएनडीटी टीम का मोहाली में छापा, भ्रूण लिंग जांच करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

### पकड़े गए एक एजेंट सहित कई लोगों पर विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। पकड़े गए आरोपी मंजीत के साथ मोहाली में मौजूद पीएनडीटी टीम।

- अल्ट्रासाउंड किए जाने वाले घर की तलाशी ली गई
- कथित महिला पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन के साथ फरार हो गई

गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए स्वास्थ्य विभाग की पीएनडीटी टीम द्वारा पंजाब के मोहाली पहुंचकर गर्भवती महिलाओं की भ्रूण लिंग जांच करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। सीएमओ डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोगों का गिरोह जिले की गर्भवती महिलाओं को भ्रूण लिंग जांच के लिए किसी अन्य जगह लेकर जाता है। उन्होंने बताया कि सूचना को लेकर बीती 6 मई को एक टीम का गठन किया गया। जिसमें सीएचसी डीघल से मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर संदीप कुमार व डॉक्टर सबीना, पीएचसी माजरा से मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर हर्षदीप व विनोद को शामिल किया गया। इसके बाद एक गर्भवती महिला को प्रलोभन ग्राहक के रूप में तैयार करके एजेंट से संपर्क साधा गया। जिसके बाद 90 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। जिसके बाद एजेंट ने तीस हजार पहले देने की मांग की। बाद में एजेंट द्वारा भेजे गए किसी अन्य व्यक्ति को स्थानीय बस स्टैंड पर तीस हजार रुपये की राशि दी गई। उसके बाद शाम को एजेंट कपिल ने फोन करके प्रलोभन महिला ग्राहक को सात मई को स्थानीय भगत सिंह चौक पर मिलने का समय दिया। जब निश्चित समय पर वहां पहुंचे तो कोई मंजीत नामक व्यक्ति मिला जो प्रलोभन महिला ग्राहक अल्ट्रासाउंड के लिए पंजाब के मोहाली क्षेत्र स्थित खरड़ गांव लेकर पहुंचा। इस दौरान पीएनडीटी टीम भी उनका लगातार पीछा करती रही। खरड़ पहुंच कर प्रलोभन ग्राहक के डमी हसबैंड से सौदे से बकाया साठ हजार रुपये लिए गए तथा उन्हें एक अन्य एजेंट की सफेद गाड़ी में बैठाया गया। सीएमओ ने बताया कि इस दौरान मंजीत पर नजर रखने के लिए जहां एक टीम को ठहराया गया वहीं दूसरी टीम संबंधित एजेंट की गाड़ी का पीछा करती रही। बाद में एजेंट द्वारा प्रलोभन ग्राहक को जहां से बैठाया था वहीं मंजीत के पास छोड़ कर गाड़ी को भगा ले गया। हालांकि दूसरी पीएनडीटी टीम द्वारा उस गाड़ी का पीछा कर पकड़ने की कोशिश भी की गई लेकिन ट्रैफिक अधिक होने की वजह से गाड़ी चालक उन्हें चकमा देने में कामयाब हो गया। लेकिन पहले से ही चौकस दूसरी टीम द्वारा इशारा मिलने पर एजेंट मंजीत को 31 हजार पांच सौ रुपये की राशि सहित पकड़ लिया गया।

### पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन से की गई जांच

टीम द्वारा जब महिला प्रलोभन ग्राहक से इस बाबत बात की गई तो उसने बताया कि वह गाड़ी चालक उसे एक घर में पहली मंजिल पर ले गया जहां महिला बैठी मिली। महिला द्वारा एक छोटी सी पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन द्वारा उसकी भ्रूण जांच की गई। जिसके बाद कथित महिला डॉक्टर ने कहा कि आपकी रिपोर्ट पॉजिटिव है। फिर उस महिला ने उसे वापस उसी गाड़ी जाने की बात कही। दोनों टीमों द्वारा लोकल पुलिस की मौजूदगी में प्रलोभन महिला ग्राहक को साथ लेकर अल्ट्रासाउंड किए जाने वाले घर की तलाशी ली गई। जहां से कथित महिला पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन के साथ भाग चुकी थी। वहां से महिला की फोटो मिली जिसे देखते हुए मोहाली पीएनडीटी टीम ने बताया कि इस महिला पर पहले भी पीएनडीटी एक्ट संबंधी कई मामले दर्ज हैं। वहां से संबंधित गाड़ी की आरसी भी मिली जो किसी ओंकार सिंह नामक व्यक्ति के नाम पर है। इस छापामारी के दौरान पकडे गए एक आरोपी मंजीत को पीएनडीटी टीम द्वारा पुलिस के हवाले कर दिया गया। इसके अलावा पहले एजेंट, दूसरे एजेंट कपिल, तीस हजार रुपये की राशि प्राप्त करने वाले एजेंट, गाड़ी चालक, गाड़ी मालिक ओमकार सिंह व कथित महिला चिकित्सक के खिलाफ पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज कराया गया है।

## एनसीआर माइनर में मिला शव, नहीं हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

रोहद से गुजर रही एनसीआर माइनर में एक युवक का शव मिला। नग्नावस्था में मिला शव सप्ताहभर पुराना प्रतीत होता है। प्रारंभिक तौर पर चोट के निशान नजर नहीं आ रहे। डूबकर मौत होने की आशंका जताई जा रही है।

घटना मंगलवार देर शाम की है। दरअसल, रोहद में रेलवे पुल के समीप माइनर में अटके शव पर किसी की नजर गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शव को पानी से बाहर निकालकर नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ भिजवाया गया। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष आंकी जा रही है। जांच अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि माइनर में एक शव मिला है। करीब सप्ताह भर पुराना प्रतीत होता है। प्रथमदृष्ट्या चोट के निशान नजर नहीं आ रहे। हो सकता है नहाते वक्त डूब गया और बहकर यहां आ गया। बाकी मौत की असल पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो सकेगी। शव को 72 घंटे के लिए मोर्च्युरी में रखवा दिया है। इस समयावधि में पहचान के प्रयास किए जाएंगे। आसपास लगते चौकी-थानों से गुमशुदा लोगों का डाटा जुटाया जाएगा। मामले में जांच जारी है। बता दें कि एनसीआर माइनर की गहराई अधिक और पानी का बहाव भी काफी तेज रहता है। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए माइनर में डूबकी लगाते हैं। अक्सर हादसा होने पर जान चली जाती है।

## नगर परिषद में आज होगी पेयमेंट अप्रूवल कमेटी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



- बैठक की सूचना के साथ कामों की जानकारी देने पर पार्षद विशाल गर्ग ने जताई आपत्ति

नगर परिषद द्वारा करवाए जा रहे कामों के भुगतान को मंजूरी देने के लिए बहुप्रतिक्षित पेयमेंट अप्रूवल कमेटी की बैठक वीरवार 9 मई को आयोजित की जाएगी। नगर परिषद के ईओ ने मीटिंग हॉल में 9 मई को सुबह 11 बजे होने वाली इस बैठक में जिला नगर आयुक्त, प्रधान, उप प्रधान, पीएसी सदस्य, 16 वार्डों के पार्षद, कार्यकारी अभियंता को आमंत्रित किया है।

बता दें कि नगर परिषद द्वारा की जाने वाली पेयमेंट को इस कमेटी द्वारा मंजूरी प्रदान की जाती है। लंबे समय से इस बैठक का इंतजार हो रहा था। लेकिन नप की अंदरूनी सियासत के कारण यह बैठक लगातार टल रही थी। हालांकि 9 मई को होने वाली बैठक की सूचना 7 मई की शाम को ही जारी हुई। इसके अलावा बैठक में भुगतान के लिए प्रस्तावित कामों की सूची भी पेयमेंट अप्रूवल कमेटी के सदस्य विशाल गर्ग को नहीं भेजी गई है। इस पर उन्होंने आपत्ति जाहिर की है। विशाल गर्ग ने 4 मार्च और 22 अप्रैल को कार्यकारी अधिकारी, चेयरपर्सन तथा कार्यकारी अभियंता को पत्र लिखकर पीएसी की बैठक की सूचना के साथ-साथ भुगतान के लिए प्रस्तावित सभी कार्यों का सम्पूर्ण ब्यौरा उपलब्ध करवाने की मांग की थी। गर्ग के अनुसार कामों की जानकारी होने पर वे मीटिंग से पूर्व मौके पर संबंधित कार्यों की जांच-पड़ताल करके तथा पार्षदों से फीडबैक लेकर वास्तविकता को परख सकते हैं। हरियाणा सरकार द्वारा यह पेयमेंट अप्रूवल कमेटी भ्रष्टाचार पर लगाम कसने के लिए गठित की गई है, लेकिन स्थानीय अधिकारियों और पदाधिकारियों के रवैये से सरकार का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है।

## पुलिस ने अवैध शराब सहित 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- कोई दिल्ली की ओर से शराब ला रहा था तो कोई ले जा रहा था

लोकसभा चुनाव शांति ढंग से संपन्न कराने तथा नशाखोरी पर अंकुश लगाने के मकसद से पुलिस की ओर से शराब तस्कारों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने तीन लोगों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। इनके पास शराब की 28 बोतल व 3050 पव्वे बरामद हुए हैं।

दरअसल, सीआईए-2 को सूचना मिली कि दिल्ली का निवासी एक शख्स बहादुरगढ़ से अवैध रूप से शराब लेकर जा रहा है। इस सूचना पर टीम ने नजफगढ़ रोड फ्लाईओवर के निकट नाका लगाया। इस दौरान एक स्विफ्ट गाड़ी रुकवाई गई। जांच करने पर उसमें 42 पेटी यानी देशी शराब के 2100 पव्वे मिले। आरोपी को टीम ने काबू कर लिया। उसकी पहचान जैकी निवासी दिल्ली के रूप में हुई। वहीं इसी सीआईए की एक अन्य टीम ने यहीं पर ही जांच के दौरान एक ई-रिक्शा रोकी। तलाशी करने पर उसमें शराब की पेटियां पाई गई। इस दौरान 17 पेटियों में अवैध शराब के देशी पव्वे व दो पेटियों में अंग्रेजी शराब के पव्वे मिले। आरोपी की पहचान अजय निवासी उत्तम नगर दिल्ली के तौर पर की गई। इन दोनों के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। वहीं, सीआईए बेरी में तैनात मुख्य सिपाही पवन कुमार की टीम ने बामडोली से मुकंदपुर रोड पर एक व्यक्ति को कट्टे में अवैध शराब लिए हुए काबू किया। पकड़े गए आरोपी से अवैध देशी शराब की 28 बोतल बरामद हुई। आरोपी की पहचान जयवीर निवासी बामडोली के तौर पर की गई। आरोपी शराब कहां से लाकर कहां ले जा रहे थे, आदि के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### बीसीसीआई और एफपीए के प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ में हरियाणा सरकार के अधिकारियों के साथ की बैठकें

## सीपीएस और एमडी से मिलकर उद्यमियों ने मांगा ट्रांसपोर्ट नगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़





बहादुरगढ़। मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर को गुलदस्ता भेंट करते उद्यमी, एचएसआईआईडीसी के एमडी सुशील सारवान से मिलते उद्यमी।

- आधुनिक औद्योगिक संपदा में फ्री होल्ड प्लॉटों को विशेष महत्व देने पर भी हुई चर्चा

उद्योगपतियों का एक प्रतिनिधिमंडल बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सुभाष जग्गा के नेतृत्व में हरियाणा के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर और एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक सुशील सरवान से मिला। इस मुलाकात के दौरान उद्यमियों ने ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित करने की मांग की है। इसके अलावा आधुनिक औद्योगिक संपदा में फ्री होल्ड प्लॉटों को विशेष महत्व देने तथा ट्रांसफर पॉलिसी की खामियों को दूर करने पर चर्चा हुई।

बीसीसीआई और फुटवियर पार्क एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल में सुभाष जग्गा के साथ ही पवन जैन, संजय नारंग, विनोद, नरेंदर छिकारा, सुजय छिकारा व सिद्धार्थ दुबे आदि ने हरियाणा सरकार के अधिकारियों के समक्ष उद्यमियों की समस्याएं रखी और उनके निराकरण की मांग की। हरियाणा के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर और एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक सुशील सरवान से मुलाकात के दौरान उद्यमियों ने उद्योगों से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने बहादुरगढ़ में नए ट्रांसपोर्ट केंद्र की स्थापना की मांग भी अधिकारियों के समक्ष रखी। बहादुरगढ़ से अन्य राज्यों तक सामान के सीधे परिवहन से एक तरफ जहां दिल्ली को राहत मिलेगी। वहीं उद्योगपतियों के साथ ही ट्रांसपोर्टरों को भी लाभ होगा। यदि सब कुछ ठीक रहा तो एचएसआईआईडीसी बहादुरगढ़ बाईपास के निकट ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने की योजना पर विचार कर सकती है।

बैठक के दौरान आधुनिक औद्योगिक संपदा (एमआईई) की फ्री होल्ड प्रॉपर्टी को विशेष महत्व देने पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने इस सिलसिले में सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। अगले महीने तक इस मसले का स्थाई समाधान करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। इसके अतिरिक्त एमआईई की ट्रांसफर पॉलिसी के कारण उद्योगों के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी विमर्श किया गया। अधिकारियों ने भी उद्यमियों की वाजिब चिंताओं का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। एमआईई जैसे पुराने औद्योगिक क्षेत्र के पुर्नउद्धार पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने विकास कार्यों को गति देने का भरोसा दिया। बढ़े. हुए पानी के बिलों के मुद्दे पर गलत बिलों में सुधार करने का आश्वासन दिया।

## दुल्हेड़ा में बुक डिपो पर लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। आग लगने के बाद दुकान के हालात।

- जब तक आग बुझती, काफी किताबें, कॉपी, बैग सहित स्टेशनरी का अन्य सामान जल गया

गांव दुल्हेड़ा में स्थित एक किताबों की दुकान में आग लग गई। आग से किताबें सहित अन्य काफी सामान जलकर राख हो गया। दुकान मालिक को बेहद आर्थिक हानि हुई है। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। लोगों ने सरकार/प्रशासन से दुकान मालिक को मदद देने की गुहार लगाई है।

दरअसल, गोयला कलां के निवासी विजय की करीब ढाई दशक से दुल्हेड़ा में छिकारा बुक स्टोर नाम से दुकान है। शाम को दुकान बंद करके वह अपने घर चला गया। देर रात को अचानक आग लग गई। रात करीब तीन बजे वहां से गुजर रहे कुछ लोगों की दुकान पर नजर गई तो उन्होंने मालिक विजय को सूचित किया। इसके बाद वह तुरंत मौके पर पहुंचा। लोगों की मदद से आग बुझाने के प्रयास किए। दमकल विभाग को भी सूचित किया लेकिन गाड़ी समय रहते मौके पर नहीं पहुंची। लोगों ने अपने स्तर पर ही आग पर काबू पाया। जब तक आग बुझती, काफी किताबें, कॉपी, बैग सहित स्टेशनरी का अन्य सामान जल गया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। असल पुष्टि जांच के बाद हो सकेगी। बहरहाल, दुकान मालिक को काफी आर्थिक हानि हुई है। विजय की मानें तो उसके पास इस दुकान के अलावा आजीविका का कोई अन्य साधन नहीं है। सरकार/प्रशासन से मदद की उम्मीद है ताकि दोबारा अपना काम शुरू कर सके।



डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# एलर्जी की वजह से हो सकती है गले में खराश



**मेरी उम्र 44 वर्ष है। कुछ दिनों से गले में अकसर खराश बनी रहती है और कभी-कभी गले में दर्द भी रहता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-भूपेन, रोहतक**

यह समस्या मौजूदा समय में काफी लोगों को हो रही है, इसका सबसे बड़ा कारण एलर्जी होना है। घर से बाहर निकलने पर धूल और धुएं से लोगों को एलर्जी होती है और गले में खराश भी हो जाती है। इससे बचने के लिए आप घर से बाहर निकलें तो मास्क लगाकर निकलें। इसके अलावा सुबह और शाम गर्म पानी से गरारा जरूर करें, इससे राहत मिलेगी। ज्यादा समस्या हो तो एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लें।

**मेरी उम्र 26 वर्ष है। कुछ महीने पहले मुझे चिकनपॉक्स हुआ था। ठीक होने के बाद भी मेरे चेहरे और बॉडी पर इसके निशान रह गए हैं। कृपया बताएं कि ये निशान कैसे ठीक होंगे?**

**-आनंद, दिल्ली**

सामान्य तौर पर चिकनपॉक्स के निशान धीरे-धीरे जाते हैं, साथ ही यह डिपेंड करता है कि निशान किस तरह के हैं। बगैर देखे कुछ नहीं कहा जा सकता है। बेहतर होगा कि आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वह आपको कुछ मेडिसिनल क्रीम्स या लोशन बता देंगे, जिसे लगाने से दाग जल्दी ठीक हो सकते हैं।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से बिना किसी कारण के ही मेरा मन हमेशा उदास रहता है। अकसर चिड़चिड़ापन और गुस्सा हावी रहता है। क्या ये डिप्रेशन के लक्षण हैं? मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुरेंद्र, कोरबा**

सबसे पहले आप यह जानने की कोशिश करें कि हाल-फिलहाल में ऐसा क्या हुआ है, जिसके बाद आपके व्यवहार में यह बदलाव आया है? जो समस्या आई हो, उसका समाधान निकालना जरूरी है, इसके बाद ही आपको राहत मिलेगी। अगर आपको ज्यादा परेशानी हो रही हो तो आप एक बार मनोरोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मेरी आंखों में अकसर जलन होती रहती है। हालांकि विजन की कोई प्रॉब्लम नहीं है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-हर्ष, रायपुर**

कई बार अधिक वायु प्रदूषण होने से इस तरह की समस्या देखी जाती है। आप यह देखें कि जहां रह रहे हैं, क्या वहां पर अधिक वायु प्रदूषण हो रहा है? अगर ऐसा हो रहा है तो आप घर से बाहर निकलें तो गॉगल्स या जीरो पावर का चश्मा पहनकर ही निकलें। इसके अलावा एक बार आप नेत्र रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वे जांच कर यह भी पता लगाएंगे कि आंखों में संक्रमण तो नहीं है, जिसकी वजह से जलन हो रही हो।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। कुछ देर खड़े रहने से ही मेरे पैरों में झनझनाहट होने लगती है। कृपया बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-राजकिशोर, भोपाल**

चूंकि आपकी उम्र अधिक है, इसलिए आपको एक बार ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से मिलना चाहिए। वो एक्स-रे कराएंगे और जरूरत पड़ने पर सिटी स्कैन भी कराएंगे। इससे झनझनाहट होने की वजह पता चलेगी और उसका उपचार हो सकेगा। हालांकि कई बार न्यूरो संबंधी समस्या की वजह से भी इस तरह की समस्या आती है, लेकिन यह डॉक्टर ही तय करेंगे, उसके अनुसार ट्रीटमेंट करेंगे।

**मेरी उम्र 55 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरी कमर में दर्द बना रहता है। कहीं चोट भी नहीं लगी है। चलते समय या लेटते समय आराम रहता है। कृपया बताएं मुझे क्या करना चाहिए?**

**-हेमराज, जबलपुर**

सबसे पहले आप कैल्शियम और विटामिन डी की जांच करवा लें। आजकल ज्यादातर लोगों को इसी वजह से कमर में दर्द होता है। अगर रिपोर्ट में कोई कमी आती है, तो डॉक्टर से संपर्क कर इसके लिए दवा लें और नियमित रूप से खाएं। *

**प्रस्तुति:रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

अवेयरनेस

डॉ. नवनीत सूद

सीनियर कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी

धर्मशिला नारायणा हॉस्पिटल, दिल्ली

हाल में कोविशील्ड कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स को लेकर कुछ फैक्ट्स सामने आए हैं। इसको लेकर देश-विदेश में लोग चिंतित हो रहे हैं। कई तरह के दुष्प्रचार भी फैलाए जा रहे हैं। वास्तव में इनकी सच्चाई क्या है, इसके क्या साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं और इन साइड इफेक्ट्स को दूर करने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं? ऐसे तमाम सवालों के जवाब आप जरूर जानना चाहेंगे।

# कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स घबराएं नहीं-हेल्थ का रखें ध्यान






सबसे पहले तो इस बात को समझना जरूरी है कि टीकाकरण के दुष्प्रभाव बेहद दुर्लभ होते हैं, जबकि इन दुर्लभ दुष्प्रभावों की तुलना में टीकाकरण के लाभ कहीं अधिक हैं। अभी हाल ही में कोविड वैक्सीन, कोविशील्ड को बनाने वाली एस्ट्राजेनेका ने कोर्ट में स्वीकारा है कि उनकी वैक्सीन में टीटीएस (थ्रोंबोसाइटोपेनिया सिंड्रोम विद थ्रोंबोसिस) नामक साइड इफेक्ट होने की संभावना हो सकती है लेकिन यह बेहद कम है। ये न्यूनतम साइड इफेक्ट कई अन्य टीकों के साथ भी जुड़ा रहा है इसलिए आम जनता को इसको लेकर चिंतित नहीं होना चाहिए और ना ही इस बारे में फैलाई जा रही भ्रामक सूचनाओं पर भरोसा करना चाहिए।

## सालों बाद नहीं होते साइड इफेक्ट्स

किसी भी वैक्सीन से संबंधित साइड इफेक्ट्स सामान्य रूप से वैक्सीन की पहली खुराक लगने के बाद कुछ हफ्तों (1-6 सप्ताह) के अंदर ही होते हैं। ऐसे में जिन लोगों को वैक्सीन लगवाने के बाद एक महीने तक साइड इफेक्ट्स नहीं हुए हैं, उन्हें चिंता करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यह सोचकर परेशान ना हों कि दो साल पहले लगाई गई वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स अब सामने आ सकते हैं।

## साइड इफेक्ट्स में शामिल लक्षण

किसी भी वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स में ज्यादातर आपको स्किन पर रेडनेस, सूजन, त्वचा की कोमलता, बदन दर्द, सिरदर्द, ठंड लगना, बुखार, चिड़चिड़ापन, थकान महसूस होना, भूख ना लगना, मांसपेशियों में दर्द, जोड़ों में दर्द और दस्त आने जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं।

## सीरियस साइड इफेक्ट्स का रिस्क

सीरियस साइड इफेक्ट्स उन लोगों में दिख सकते हैं, जिनकी इम्यूनिटी वीक होती है। हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधी क्षमता यानी इम्यूनिटी दो तरह से विकसित होती है। एक टीके यानी वैक्सीन से और दूसरी संक्रमित होने पर कुदरती तौर से। कुदरती तरीके से इम्यूनिटी प्राप्त करने में दुष्प्रभाव की गुंजाइश नहीं होती। इसके बजाय वैक्सीन के जरिए इम्यूनिटी बूस्ट करने पर साइड इफेक्ट हो सकते हैं। लेकिन ऐसे साइड इफेक्ट्स 6 महीने में सामने आ जाते हैं। अब तो वैक्सीनेशन के बाद 2 साल से भी अधिक का समय बीत चुका है, ऐसे में घबराने की जरूरत नहीं है।

## तब डॉक्टर से करें कंसल्ट

टीकाकरण के बाद वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स अधिकतर हल्के और मध्यम होते हैं और कुछ दिनों बाद ठीक हो जाते हैं। लेकिन कुछ लोगों में ये लक्षण गंभीर भी हो सकते हैं। ऐसे में सूजन, थकान, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और बुखार के अलावा अगर आपको सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ और घबराहट जैसे लक्षण महसूस हो रहे हैं तो आपको एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लेना चाहिए।

## साइड इफेक्ट्स की डायग्नोसिस

कोविड वैक्सीन के कारण हमारे शरीर में एस1, एस 2 प्रोटीन और म्युटेंट एस प्रोटीन की मात्रा बढ़ जाती है और इस कारण ब्लड क्लॉटिंग के लिए जिम्मेदार सीसीआर-5 फैक्टर एक्टिवेट होने की संभावना बनी रहती है। इससे रक्त नलिकाओं पर प्लेटलेट्स चिपकने लगती हैं। इसी के चलते आगे रक्त के प्रवाह में रुकावट की संभावना हो सकती है। हालांकि इसका पर्सेंटेज बहुत ही कम होता है। लेकिन अपने मन की शंका को दूर करने के लिए आप अपने डॉक्टर से कंसल्ट करके ब्लड में एस।, एस2 प्रोटीन के स्तर की जांच करा सकते हैं। इसके अलावा आप सीसीआर-5 लेवल, साइटोकाइन प्रोफाइल और इंफ्लेमेटरी मार्कर की भी जांच करा सकते हैं। यदि टेस्ट रिपोर्ट में इनका स्तर बढ़ा हुआ आता है तो इन्हे मेडिकल सुपरविजन में दवाओं से कम भी किया जा सकता है, जिससे भविष्य में हार्ट अटैक, बेन स्ट्रोक, पल्मोनरी इंबोलिस्म, न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर की समस्या से बचा जा सकता है।

### इन बातों का रखें ध्यान



**कोविड वैक्सीन** के साइड इफेक्ट्स को लेकर किसी भी व्यक्ति को घबराने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। यह एक बहुत ही रेयर साइड इफेक्ट है, जो वैक्सीन लगवाने के सिर्फ एक महीने के अंदर ही हो सकता है, उसके बाद नहीं। इसलिए किसी भी तरह की भ्रामक बातों, सोशल मीडिया के अनऑथेंटिक सूचनाओं के बारे में पढ़, सुन या देखकर चिंतित ना हों। पोषक तत्वों से भरपूर सादा भोजन करें, प्रतिदिन फिजिकल एक्टिविटी जरूर करें। अगर किसी अन्य बीमारी की दवाइयां चल रही हैं तो उन्हें बिना डॉक्टर की सलाह के रोकें नहीं। अपने शरीर में होने वाले बदलावों पर ध्यान देते रहें और डॉक्टर से संपर्क में रहें।

## लाइफस्टाइल-डाइट प्लान में करें बदलाव

वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स होने की आशंका को खत्म के लिए आप वसायुक्त खाद्य पदार्थों का, नमक का और मिर्च-मसालों का सेवन कम करें। अपने बॉडी वेट को नियंत्रण में रखें। पानी अधिक मात्रा में पिएं। अन्य किसी बीमारी से ग्रस्त हैं तो उसकी जांच कराते रहें। फास्ट फूड के सेवन से बचें। पोषक तत्वों से भरपूर हरी सब्जियों और प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करें। सिगरेट और शराब का सेवन ना करें। इसके साथ ही डेली व्यायाम और योगाभ्यास को अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाएं। इससे आपकी इम्यूनिटी बढ़ेगी और हेल्थ भी अच्छी रहेगी। * **प्रस्तुति: सेहत डेस्क**

हेल्थ न्यूज

# विटामिन डी की कमी से बच्चों में एलर्जी का रिस्क



विटामिन डी को शरीर के लिए बहुत ही जरूरी पोषक तत्व माना जाता है। इसकी कमी से हड्डियों के कमजोर होने का खतरा होता है, यह तो काफी लोग जानते हैं। लेकिन हाल ही में हुए एक रिसर्च में विटामिन डी की कमी और बच्चों में एक्जिमा स्किन कंडीशन होने की संभावनाओं के बीच संबंध देखा गया है। 'वर्ल्ड एलर्जी जर्नल ऑर्गनाइजेशन' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार विटामिन डी का सीधा संबंध एलर्जेन सेंसिटाइजेशन से होता है। यानी, विटामिन डी की कमी से एलर्जी पैदा करने वाले तत्वों के बढ़ने का खतरा अधिक होता है। शोधकर्ताओं ने अपनी स्टडी में पाया कि बचपन में विटामिन डी की कमी से बच्चों में एटॉपिक डर्मेटाइटिस की समस्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में जरूरी है कि पैरेंट्स अपने बच्चों को विटामिन डी से भरपूर फूड्स का सेवन नियमित रूप से कराएं।

रिसर्चर्स के अनुसार फैटी फिश सामन, मैकेरल और टूना जैसी मछलियां, विटामिन डी का बेहतरीन स्रोत हैं। इन मछलियों को हफ्ते में दो बार बच्चों को खिलाने से उनकी विटामिन डी की जरूरत पूरी हो सकती है। इसके अलावा अंडे, दूध, खमीर और मशरूम विटामिन डी के अच्छे सोर्स होते हैं, जिनको खाने से विटामिन डी की कमी को पूरा किया जा सकता है।

विटामिन डी पाने का सबसे अच्छा प्राकृतिक तरीका है सुबह की धूप। बच्चों को सुबह आठ-नौ बजे से पहले की धूप में 15 से 20 मिनट खेलने दें। इससे उनकी त्वचा प्राकृतिक रूप से विटामिन डी का निर्माण करेगी और बच्चों में विटामिन डी की कमी पूरी होगी। *

**प्रस्तुति: अजेश कुमार**

औषधीय पौधे / दीपिका शर्मा

# फल ही नहीं पत्ते भी होते हैं गुणकारी



बीमारियों से बचने के लिए अच्छे खान-पान की जरूरत होती है। अच्छे खान-पान में सबसे पहले जिक्र आता है फलों का। जिनके रोजाना सेवन से हमारा स्वास्थ्य बिल्कुल दुरुस्त रहता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सेहत के मामले में ना सिर्फ फल बल्कि कुछ फलदार पेड़ों के पत्ते भी बेहद लाभकारी होते हैं? इनमें से कुछ के बारे में जानिए।

**अमरूद:** अमरूद के पत्ते भी हमें सेहतमंद बना सकते हैं। इनमें फाइबर, विटामिन ए, सी, फोलिक एसिड, पोटेशियम, तांबा और मैंगनीज भरपूर होते हैं। इसमें कैरोटेनॉयड्स और पॉलीफेनोल्स दोनों मौजूद होते हैं, जो उन्हें एंटी-एजिंग और एंटी-कैंसर गुणों से भरपूर बनाते हैं। अमरूद के पत्तों में फेनोलिक यौगिक होने से शुगर लेवल को कंट्रोल किया जा सकता है। इसके पत्तों में बायोएक्टिव कंपाउंड होता हैं, जो कार्बोहाइड्रेट के अवशोषण को रोकता है। साथ ही कोलेस्ट्रॉल कम करने में सहायता भी रहता है। प्रजनन क्षमता को बढ़ाने में भी अमरूद के पत्तों को कारगर माना गया है।

**पपीता:** यदि आप पेट की समस्या से परेशान रहते हैं तो पपीते के पत्ते आपके लिए रामबाण इलाज हैं। इसके पत्तों में कई प्रकार के एंजाइम्स होते हैं, जैसे पेपीन, कायोमोपेन आदि। अगर आपका इम्यून सिस्टम कमजोर है तो उसके पत्ते का रस आपके लिए बहुत लाभकारी होगा। गैस और अपच की समस्या से भी छुटकारा मिलता है। डेंगू और मलेरिया में इसके पत्तों का रस बहुत लाभकारी होता है। पपीते के बीज भी पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इनमे काफी मात्रा में मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड जैसे ओलिक एसिड, पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनॉइड्स होते हैं, जो शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं।

**अंगूर:** अंगूर की पत्तियों में फाइबर की मात्रा काफी होती है। इससे पाचन धीमा होता हैं। पेट लंबे समय तक भरा हुआ रहता है। इसके पत्तों में अंगूर से भी अधिक एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। साथ ही इसमे मौजूद विटामिन ए की मात्रा भी आपको स्वस्थ रखती है। इसके पत्तों में कैल्शियम और आयरन भी होता है, जो आपकी हड्डियों को मजबूत बनाते हैं और खून भी बढ़ाते हैं। *

**(आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डॉ. पवन कौशिक से बातचीत पर आधारित)**

आयुर्वेद

संध्या रानी

गर्मी दिनों-दिन बढ़ रही है। इस वजह से कई लोग घमौरियों से परेशान होते हैं। उससे बचाव और उपचार के लिए आप कुछ सरल घरेलू उपायों को आजमा सकते हैं। इनसे आपको ठंड का भी एहसास होगा।

# घमौरियों से बचने के सरल घरेलू उपचार



गर्मी और उमस की वजह से घमौरी होना एक आम समस्या है। इसमें त्वचा पर अनेक छोटे-छोटे लाल दाने निकल आते हैं। इसमें खुजली और बहुत जलन होती है। यह अधिकतर पीठ, छाती, गला, कमर और बगल के आस-पास होती है। इसे मेडिकल भाषा में मिलियारिया कहते हैं। इसे प्रिक्ली हीट भी कहा जाता है।

**घमौरी के कारण:** प्राकृतिक चिकित्सा के अनुसार घमौरी होने का मुख्य कारण पसीने की ग्रंथियों में रुकावट होना है। शरीर में विजातीय तत्व रोम छिद्र को बंद कर देते हैं, जिसके कारण शरीर से पसीना बाहर नहीं निकल पाता है। यही वजह है कि गर्मी और उमस भरा मौसम आने पर छोटी-छोटी घमौरियां निकल आती हैं। इसमें जलन के साथ-साथ दर्द भी होता है।

**घरेलू उपचार:** घमौरियों का पूर्ण इलाज तभी संभव हो सकता है जब शरीर के रोम छिद्रों के माध्यम से जो विष घमौरी के रूप में निकलना चाह रहा है, उसे बाहर निकाल दिया जाए। इसके लिए प्राकृतिक चिकित्सा में बहुत ही कारगर उपचार है, जिसे आप आसानी से अपने घर पर ही कर सकते हैं।

**मिट्टी स्नान:** मिट्टी स्नान के लिए साफ जमीन से एक फीट नीचे की मिट्टी निकाल लें। मिट्टी से कंकड़, पत्थर और कूड़ा आदि निकाल कर साफ कर लें। फिर किसी बर्तन में रखकर पानी डाल दें। जब पानी के साथ मिट्टी गल जाए तब उसकी लुगदी सी बना लें। अब सुबह की धूप में बैठकर पूरे शरीर पर मिट्टी का गाढ़ा लेप करें। यदि धूप अधिक हो तो सिर पर कपड़ा रख सकते हैं। शरीर पर मिट्टी लेपने के बाद धूप में जरूर बैठना चाहिए। कुछ समय धूप में बैठने के बाद मिट्टी सूखकर अपने आप शरीर से छूटकर गिरने लगेगी। जब मिट्टी पूरी तरह से सूख जाए तब बची हुई मिट्टी को रगड़ कर छुड़ा देना चाहिए। इसके बाद ताजे पानी से स्नान कर शरीर को साफ कर लेना चाहिए। इस उपचार से घमौरी बिल्कुल शांत हो जाएगी और गर्मी में शरीर में कूलिंग का एहसास भी होगा। जिन स्थानों पर यह मिट्टी उपलब्ध न हो वहां मुल्तानी मिट्टी का लेप पूरे शरीर पर लगाया जा सकता है। परंतु इस स्थिति में यह ध्यान रखें कि इस लेप को सूखने पर पानी के छींटे देकर बार-बार भिगोते रहें। इस लेप को कम से कम एक घंटा लगा कर जरूर रखें। बेहतर होगा किसी अनुभवी नेचुरोथेरेपिस्ट के निर्देशन में ऐसा करें। कटि स्नान से भी घमौरियों से राहत मिलती है। इसे भी विशेषज्ञ के निर्देशन में ही लें।

**एलोवेरा का उपयोग:** एक कटोरी में एलोवेरा जैल लेकर पूरे शरीर पर लगाना चाहिए। इसका प्रयोग कम से कम तीस मिनट तक जरूर करना चाहिए। इसके बाद शरीर को ठंडे पानी से स्पंज कर लें या नहा लें। *

**(नेचुरोपैथ चिकित्साधिकारी डॉ. कैलाश द्विवेदी से बातचीत पर आधारित)**

प्रिकॉशन

सोनम लववंशी

सेल्फ मेडिकेशन का मतलब बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए, खुद अपने मन से, कहीं पढ़कर, सुनकर या इंटरनेट पर देखकर किसी रोग की दवा लेना। हाल के वर्षों में इसका ट्रेंड बढ़ रहा है, जबकि ऐसा करना हेल्थ के लिए बहुत हार्मफुल हो सकता है।

# हेल्थ के लिए हार्मफुल सेल्फ मेडिकेशन



घरों में अकसर बुजुर्गों से बातचीत में यह सुना जाता है कि उनके जमाने में वे कभी बीमार नहीं पड़ते थे। लोग सेहतमंद हुआ करते थे, यहां तक कि मौसम की मार भी उन पर असर नहीं करती थी। लेकिन, अब वो स्थिति नहीं रही। बदलती जीवनशैली और खान-पान के कारण हर व्यक्ति कभी न कभी बीमार जरूर होता है। खुद नहीं होता तो उनके परिवार में उसे इस स्थिति का सामना जरूर करना पड़ता है। इस मामले में खतरनाक बात यह है कि आजकल कई लोग बीमारियों का इलाज डॉक्टर से करवाने के बजाय खुद ही करने लगे हैं। जब ऐसे प्रयोग अपना दुष्प्रभाव दिखाते हैं, तो कई बार इसके गंभीर परिणाम तक भुगतने पड़ते हैं। यहां तक कि ऐसा करना जानलेवा भी हो सकता है। इसलिए ऐसा कुछ करने से बचना चाहिए।

**खुद डॉक्टर ना बनें :** कुछ लोगों की आदत होती है कि दोस्तों या परिवार में जैसे ही कोई बीमार होता है, उसे अपना दवा ज्ञान देना शुरू कर देते हैं। यहां तक कि खुद भी अपना इलाज करने लग जाते हैं। सर्दी-खांसी या छोटे-मोटे दर्द तक तो ठीक है, पर लक्षणों को देख कर खुद का दवा-ज्ञान या मेडिकल स्टोर वाले से दवा लेना हेल्थ के लिए गंभीर परेशानी खड़ी कर सकता है। आजकल तो बहुत से लोग इंटरनेट पर भी अपना इलाज खोजने में देर नहीं करते हैं, जबकि इसके परिणाम घातक होते हैं। खासकर छोटे बच्चे, गंभीर रूप से बीमार और बुजुर्गों को तो बिना डॉक्टरी परामर्श के कतई दवा नहीं देनी चाहिए।

**डॉक्टरी परामर्श जरूरी :** डॉक्टरों का तो आए दिन इस तरह के मरीजों से पाला पड़ता है, जो खुद का इलाज करके अपनी बीमारी को और अधिक गंभीर बना लेते हैं। ऐसे मरीज डॉक्टर की सलाह को भी गंभीरता से नहीं लेते हैं। कई बार तो इंटरनेट रिसर्च करके टेस्ट तक करवा लेते हैं और रिपोर्ट के आधार पर दवाइयां लेना शुरू कर देते हैं। सच्चाई यह है कि अब तो किसी भी बीमारी में डॉक्टर भी बिना जांच के पेशेंट का इलाज शुरू नहीं करते हैं।

**इंटरनेट से बढ़ा ट्रेंड:** लोगों में बीमारी को लेकर सलाह लेने-देने का चलन नया नहीं है। लेकिन, इंटरनेट आने के बाद हर दूसरा आदमी खुद को आधा डॉक्टर मान लेता है। हर बीमारी के झटपट इलाज के दावों की इंटरनेट पर बाढ़ लगी हुई है। इंटरनेट पर बीमारी का इलाज ढूंढ़ना बहुत आसान होता है। इस वजह से कई लोग डॉक्टर के पास जाना भी जरूरी नहीं समझते हैं। इंटरनेट पर जानकारी भले ही सही हो, पर जरूरी नहीं कि वो उस मरीज पर असर ही करे, क्योंकि डॉक्टर मरीज की उम्र, हेल्थ कंडीशन से लेकर उसकी मेडिकल रिपोर्ट तक देखने के बाद ही इलाज करता है। यही नहीं पेशेंट को दवा लेने से कोई एलर्जी या साइड इफेक्ट न हो इस बात का भी पूरा ख्याल रखता है।

**हो सकते हैं गंभीर परिणाम:** कई लोग मेडिकल स्टोर से बिना डॉक्टर की पर्ची के ही दवा ले लेते हैं। लेकिन, वे भूल जाते हैं कि मेडिकल स्टोर वाला डॉक्टर नहीं है। उसे दवा की जानकारी हो सकती है, पर जरूरी नहीं कि उसे दवा का सही डोज, मरीज के लिए उसकी जरूरी मात्रा और दवा के दुष्प्रभाव के बारे में सही जानकारी हो। ऐसा अधूरा ज्ञान पेशेंट के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। सेल्फ मेडिकेशन की आदत से कई बार छोटी बीमारी भी बहुत सीरियस हो जाती है। गलत इलाज या गैर जरूरी दवाइयों के सेवन से किडनी और लिवर जैसे अंग खराब होने का भी खतरा बना रहता है।

**प्रभावी कदम उठाने की है जरूरत:** लोगों में सेल्फ मेडिकेशन के बढ़ते ट्रेंड से चिंतित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने भी इंटरनेट पर मौजूद दवा संबंधी जानकारी और ऑनलाइन कंसल्टेंसी को लेकर एक रिपोर्ट सरकार को दी है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में टेली मेडिसिन, टेली कंसल्टेशन, इंटरनेट कंसल्टेशन पर कोई नीति बनाई जानी चाहिए। हालांकि इंटरनेट की जानकारियों पर प्रतिबंध लगाना आसान नहीं है। लेकिन, चेतावनी जरूर दी जा सकती है कि दवाइयों संबंधी जानकारी का अपनी मर्जी से इस्तेमाल न करें। पर, अभी ऐसी कोई नीति नहीं बनी है। ऐसे में लोगों को खुद ही जागरूक होना जरूरी है। *

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से। हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-

E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### पानी का सदुपयोग करने का आह्वान

**बहादुरगढ़।** बुधवार को गांव परनाला में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में सरपंच मुकेश अशोक राठी ने कहा कि पानी सहित सभी प्रकृतिक संसाधनों की बचत करना बहुत जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इससे परेशानी न उठानी पड़े। ग्रामीण उपभोक्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पानी प्रकृति की अनमोल देन है और इसका कोई विकल्प नहीं है। हर व्यक्ति का दायित्व है कि वे पानी के महत्व को समझते हुए इसका सदुपयोग करें और पानी को व्यर्थ में न बहने दें। सभी के सहयोग से ही पानी को व्यर्थ होने से बचाया जा सकता है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया है कि जरूरत न होने पर पानी के नल को तुरंत बंद कर दें तथा पेयजल से न तो छिड़काव और न ही अपने वाहन को धोएं।

### आंगनबाड़ी का ताला तोड़कर सामान चोरी

**धारूहेड़ा।** खलियावास में चोर आंगनबाड़ी का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। आंगनबाड़ी वर्कर्स कांता देवी ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह दोपहर बाद आंगनबाड़ी बंद करके अपने घर चली गई थी। सुबह के समय आंगनबाड़ी के कमरे का ताला टूटा मिला। चोर कमरे से गैस सिलेंडर, चूल्हा व खाद्य सामग्री सहित काफी सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### मारपीट मामले में एक महिला आरोपी काबू

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने मारपीट व धमकी देने के मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर 29 अप्रैल को केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच की थी। पुलिस बयान में राजपुरा की महिला ने मारपीट के आरोप लगाए थे। इस मामले में पुलिस ने ललिता को गिरफ्तार कर लिया। उसे तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### बाइक की टक्कर लगने से बुजुर्ग घायल

**कसोला।** मेन चौक के पास बाइक की टक्कर लगने से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। आसलवास निवासी जसवंत मोर्निंग वॉक करने के लिए घर से निकला था। कसोला चौक के पास एक बाइक ने उसे टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही थी। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी।

साइबर अपराध होने पर तुरंत 1930 पर संपर्क करें

# विद्यार्थियों को किया साइबर अपराध के प्रति जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बुधवार को साइबर थाना व एडीआर सेंटर की टीम ने मदर इंडिया वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों एवं स्टॉफ सदस्यों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। साइबर थाना में तैनात उप निरीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि साइबर फ्रॉड कैसे होता है व साइबर फ्रॉड से बचाव कैसे होता है। उन्होंने बताया कि आजकल साइबर अपराधी शेयर मार्किट में निवेश करवाने के नाम पर आमजन के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। वहीं नौकरी का झांसा देकर, लाटरी निकलने सहित अन्य प्रलोभन देकर लोगों को अपना शिकार बना रहे है। इसके लिए आवश्यक है कि किसी भी अंजान व्यक्ति को अपने बैंक डिटेल की जानकारी न दे, एटीएम का पिन न बताएं, मोबाइल पर ओटीपी शेयर न करें इत्यादि। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का साइबर अपराध होने पर तुरंत 1930 पर संपर्क करें और साइबर थाना में शिकायत दर्ज करवाएं।



झज्जर। विद्यार्थियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करते हुए पुलिस टीम।

# दूसरे रैंडमाइजेशन का शेड्यूल तैयार, जल्द प्रक्रिया होगी पूरी



झज्जर। चुनाव तैयारियों की समीक्षा करते हुए डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में तैयारियां पूरी की जा रही

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में तैयारियां पूरी की जा रही हैं, निष्पक्ष व बिना प्रलोभन के चुनाव करवाना भारत निर्वाचन आयोग व जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिसकी अनुपालना प्रशासनिक स्तर पर गंभीरता से सुनिश्चित की जाएगी। यह बात डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने सीईओ हरियाणा की वीसी उपरांत चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रशासन मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने और चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सक्रिय व प्रभावी रूप से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के चलते पहला रेंडमाइजेशन हो चुका है और दूसरे रैंडमाइजेशन का शैड्यूल तैयार है। जिसे नियमानुसार पूरा किया जाएगा।

# विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा सहायता की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम विश्व विद्यालय पाटोदा में विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिला रेडक्रॉस सोसायटी संयोजक कंचन कुमार ने विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा बारे जानकारी दी गई। उन्होंने किसी व्यक्ति को अचानक दिल का दौरा पड़ने के समय दी जाने वाली प्राथमिक सहायता से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। विश्वविद्यालय के चासंलर महिपाल ने कहा कि मनुष्य का कर्म ही उसका सबसे बड़ा धर्म है। इसलिए हमें मुसीबत आने पर एकजुट होकर दूसरों की मदद करनी चाहिए। सस्ंकारम शब्द ही स्वंय यह दर्शाता है कि संस्कारम विश्वविद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिए जाते हैं।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक चिकित्सा सहायता संबंधी जानकारी देते हुए संयोजक कंचन कुमार। फोटो :हरिभूमि

# थैलेसीमिया बीमारी के प्रति किया जागरूक

■ शिविर में रक्तदाताओं को जागरुक किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अंतरराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चौधरी छोटूराम धर्मशाला में लगाए गए रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को जागरुक किया गया। कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉक्टर राहुल जाखड़ ने बताया कि थैलेसीमिया एक वंशानुगत रक्त विकार है। यह माता-पिता के माध्यम से बच्चों में आ जाता है। थैलेसीमिया ग्रस्त व्यक्ति असामान्य कार्यशील लालरक्त कणिकाओं को पैदा करने में असमर्थ होता है जिसके कारण व्यक्ति को रक्त की कमी हो जाती है। थैलेसीमिया के मरीजों को लगातार कुछ समय के अंतराल पर खून की आवश्यकता रहती है। उन्होंने रक्तदाताओं से कहा कि रक्तदान करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। इस दौरान राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला अर्श काउंसलर संदीप कुमार जांगड़ा ने थैलेसीमिया से बचाव के लिए लोगों को काउंसलिंग के लिए मित्रता क्लीनिक में आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा आगामी 22 मई तक थैलेसीमिया पखवाड़ा मनाते हुए लोगों को जागरुक किया जाएगा। इस दौरान थैलेसीमिया जागरूकता सामग्री भी लोगों में वितरित की गई। इस मौके पर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी उप सचिव पवन शर्मा, डॉक्टर रोबिन, ब्लड बैंक से नसिंर्ग ऑफिसर ममता, रक्त काउंसलर अशोक कुमार, नसिंर्ग ऑफिसर कविता, रामअवतार सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। रक्तदान शिविर में थैलेसीमिया जागरुकता से संबंधित सामग्री वितरित करते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

## विद्यार्थियों को कराया योगासनों का अभ्यास



झज्जर। एक दिवसीय योग शिविर में विभिन्न योगासनों का अभ्यास करते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदाना कलां में बुधवार को एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन कर विद्यार्थियों को जागरुक किया गया। योगाचार्य आचार्य बलदेव ने विद्यार्थियों को आगामी 21 जून को होने वाले दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को योग दिवस पर किए जाने वाले योग प्रोटोकॉल व आसनों से अवगत कराने के साथ-साथ योग एवं प्राणायामों से मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों बारे भी विस्तार से बताया। शिविर के दौरान भुजंगासन, मर्कटासन, ताड़ासन, वृक्षासन, कपाल भांति, भस्त्रिका, सूर्य भेदी, चंद्र भेदी व अनुलोम-विलोम की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को उनका अभ्यास कराया। इसके अलावा जलनेती व रबड़ नेती के लाभों की जानकारी भी दी। इस मौके पर प्राचार्य कुलदीप, मंजू अहलावत, सुनीता कुमारी, जयप्रकाश शास्त्री सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### दस लाख से अधिक कैश पकड़े जाने पर इंकम टैक्स विभाग करेगा कार्रवाई

**झज्जर।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि जिले में एफएसटी व एसएसटी टीमें फील्ड में सक्रिय रूप से चैकिंग अभियान चला रही हैं। आदर्श आचार संहिता के तहत 50 हजार से अधिक की नकदी के आवागमन के लिए वाजिब दस्तावेज पेश करना होगा। अगर टीमों द्वारा कैश पकड़ा जाता है तो जांच के दौरान संबंधित व्यक्ति को बताना पड़ेगा कि वह धनराशि कहां और किस लिए ले जा रहा है। रुपये बैंक से निकाले गए हैं या किसी अन्य स्रोत से लिए गए। उस स्रोत का भी विवरण देना होगा। प्रस्तुत किए गए अभिलेख सही न पाए जाने पर उड़नदस्ता दल आदर्श आचार संहिता नियमावली के अंतर्गत धनराशि को जब्त कर लेगा। बैंकों द्वारा पचास हजार से अधिक की नकदी की निकासी पर क्यूआर कोड दिया जाएगा। टीमों द्वारा चेकिंग के समय इस क्यूआर कोड को दिखाना जरूरी होगा। इसके अलावा 10 लाख रुपये से अधिक कैश पकड़े जाने पर उक्त मामले को इनकम टैक्स विभाग के हवाले किया जाएगा।

# हवन व भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

■ श्रद्धालुओं ने आहुति डालते हुए सर्वमंगल की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शहर के मेन बाजार स्थित पंजाबी धर्मशाला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा बुधवार को संपन्न हो गई। कथा के समापन पर हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति डालते हुए सर्वमंगल की कामना की। बाद में कन्या पूजन व साधु भोज के उपरांत प्रसाद वितरित किया गया। बाबा प्रसाद गिरी मंदिर के महंत परमानंद गिरी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित इस कथा में कथा वाचक आचार्य उपेंद्र ने कहा कि परमात्मा कण-कण में विराजमान हैं। परमात्मा की मौजूदगी को नकारना नहीं चाहिए। सच्चे मन से प्रभु भक्ति करने वाले लोगों की मनोकामना भगवान अवश्य पूरी करते है। इस मौके पर गगन सोनी, महेंद्र बंसल, दीपक बंसल, विकास गोयल, अशोक गुप्ता, सुनील जैन, रविंद्र, चिमनलाल वर्मा, रवि गुप्ता, मनोज तलवार, जगदीश गेरा, राम गेरा, राकेश गोयल सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए संत एवं श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। शिविर के दौरान रामअवतार उर्फ दीपक को सम्मानित करते हुए रेडक्रॉस सोसायटी सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### 91 लोगों ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

**झज्जर।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में शहर के रोहतक रोड स्थित चौधरी छोटूराम धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यातिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता रामअवतार गहलावत उर्फ दीपक ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने कहा कि रक्तदान को महादान की संज्ञा दी गई। इस दान से किसी दूसरे की जिदंगी बचाई जा सकती है। इसलिए लोगों को चाहिए वे निरंतर समय के अंतराल पर रक्तदान करें। पंकज जाखड़ व रामअवतार गहलावत ने रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए उनका हौसला भी बढ़ाया तथा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान 91 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में जिला रेड सोसायटी द्वारा रामअवतार गहलावत को सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के कारण विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# जिले में 91 प्रतिशत सरसों और 69 फीसदी गेहूं का हुआ उठान

■ अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों पर उठान कार्य तेजी से किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले भर में रबी की फसलों की खरीद व उठान का कार्य जारी है। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि जिले में मंडियों और खरीद केंद्रों से एक लाख 85 हजार 652 मीट्रिक टन गेहूं और 57 हजार 87.72 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। खरीद एजेंसियों द्वारा 91 प्रतिशत सरसों व 69 प्रतिशत गेहूं का उठान हो चुका है। उन्होंने बताया कि अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों पर उठान कार्य तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि खरीद केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो पाए, इसके लिए अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।



झज्जर। अनाज मंडी परिसर में फसल उठान कार्य में जुटे श्रमिक। फोटो :हरिभूमि

# मौलिक अधिकारों के प्रति छात्रों को किया जागरूक



झज्जर। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एडवोकेट मीना कादियान। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मौलिक अधिकारों के प्रति जागरुक करने के लिए स्थानीय इंडो अमेरिकन स्कूल में सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार में सीजेएम अरविंद कुमार बंसल ने विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों की जानकारी देते हुए व उन्हें कर्त्तव्य पालन के लिए प्रेरित किया। इनके अलावा एडवोकेट मीना कादियान, कर्मजीत छिल्लर व संदीप जांगड़ा ने भी मौलिक अधिकारों व कर्त्तव्यों को लेकर विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। स्कूल निदेशक विजेंद्र कादियान ने विद्यार्थियों को मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए मुख्यातिथि व अन्य वक्ताओं का आभार जताया।

**भक्ति** बाबा कांशीगिरी मंदिर में 200 वां सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन

# आना पवन कुमार हमारे हरि कीर्तन में.. भजन पर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

■ श्रद्धालुओं ने संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का सामूहिक गायन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बाबा कांशीगिरी मंदिर में 200 वां सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्री सुंदरकांड वाचक योगेश रंजन, डॉक्टर भारत भूषण नंदा, पवन कौशिक, लक्ष्य वर्मा, राहुल शास्त्री, दिनेश दुजाना, राजेंद्र वधवा, ताराचंद भूटानी, सुधांशु हंस, हरीश अरोड़ा, शिवम तनेजा, आनंद कुमार, वीके शर्मा, विनोद भूटानी, उमा गुलाटी, कमल लता शर्मा, वीना वर्मा, सृष्टि रंजन, शशी खत्री, उर्मिला तनेजा, नारायणी सरदाना, तुशू बहल, आशा नागपाल, सतीश वर्मा, सुषमा तनेजा, सुरेश गाबा, प्रिया तनेजा, विशन वधवा, सोनिया मल्होत्रा, आशू वधवा, बिमला नंदा सहित अन्य श्रद्धालुओं ने संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का सामूहिक गायन किया। दिनेश दुजाना ने भक्ति में शक्ति होती है हुआ मुझें विश्वास जी, ये वो शक्ति है जिसमें पूरी होती हर आस जी, हरीश अरोड़ा, राजेद्र वधवा ने तेरे भक्तों के जीवन कन्हैया तेरी रहमत से रोशन हुए है..ताराचंद भूटानी ने आना पवन कुमार हमारे हरि कीर्तन में...योगेश रंजन ने एक नजर कृपा की डालो, मानूगा अहसान, संकट हमारा कैसे टलेगा, तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा..तुम्हारे दर पे शायद, हमेशा धर्मी आते, आज पापी आया हे, श्याम काहे घबराते..भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर वेद बहल पाशु, हिमांशु हंस, सुभाष वर्मा, नयन हंस, डॉक्टर शंकर ग्रोवर, अनुज नागपाल, ललित भूटानी, विकास नरुला, वंशु वर्मा, अनिल छाबड़ा, टिंकू वर्मा, पिंकी तनेजा, राजकुमार चुघ, रमेश लखेरा, प्रदीप काठपालिया, पदम खट्टर, सुभाष वर्मा, दिनेश खट्टर, सतीश वर्मा, जगदीश रंजन, संतोष हंस, हेमंत वर्मा, भवित वर्मा, लीलू राम, समर्थ वर्मा, सक्षम वर्मा, वेद खत्री, निखिल सलूजा, अशोक सलूजा सहित अन्य श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।



झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में श्रीसुंदरकांड पाठ का सामूहिक पाठ करते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### एक्साइज एक्ट के तहत आरोपी काबू

**डहीना।** थाना खोल पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अवैध शराब को लेकर इस साल 12 जनवरी को एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में जैनाबाद निवासी नरेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जमानत मिलने के बाद रिहा कर दिया गया।

### गोकशी अधिनियम का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने गोकशी एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस ने 21 दिसंबर 2020 को गोवंश से भरी एक गाड़ी पकड़ी थी।

**सूचना**

मैं देवेंद्र कुमार रंजन पुत्र श्री खेमचंद रंजन निवासी फ्लैट नंबर-54, सेकेंड फ्लोर, हैप्पी होम, ओमेक्स सिटी, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा घोषणा करता हूं कि देवेंद्र कुमार रंजन (Devender Kumar Ranjan) और देविंद्र कुमार रंजन (Devinder Kumar Ranjan) एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही नाम हैं। भविष्य में मुझे देवेंद्र कुमार रंजन (Devender Kumar Ranjan) के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

## खबर संक्षेप

### समस्याओं के समाधान के लिए कंपलेंट नंबर जारी

**झज्जर।** दिनों-दिन बढ़ती जा गर्मी व खराब मौसम के कारण बढ़ती बिजली संबंधित शिकायतों को ध्यान में रखते हुए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा उपभोक्ताओं के लिए कंपलेंट नंबर जारी किए गए हैं। निगम के एसडीओ सौरभ ने बताया कि उपभोक्ता जहां अपनी सेंटरलाइज कंपलेंट 1912 व 18001801550 नंबर पर दर्ज करा सकते हैं वहीं लोकल बिजली सुविधा केंद्र पर शिकायत दर्ज कराने के लिए 9354365802 व 9315542454 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा निगम द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाए गए हैं जिन पर बिजली आपूर्ति से संबंधित जानकारी समय-समय पर दी जाती है।

### शस्त्र जमा न करवाने वाले धारकों पर होगी कार्रवाई

**झज्जर।** डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन ने कहा कि जिन शस्त्र लाईसेंस धारकों ने अपने हथियार जमा नहीं करवाए है, वे अपना हथियार जल्द नजदीकी थाना या गन हाऊस में जमा करवाएं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान किसी के पास भी कोई हथियार नहीं होना चाहिए। जो लोग अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा नहीं करवाएंगे, उनके शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण रोककर, लाइसेंस की कैंसिलेशन की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

### उम्मीदवार को रोड शो के लिए अनुमति लेना जरूरी

**बेरी।** एआरओ रविंद्र मलिक ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव में प्रत्येक राजनैतिक पार्टी व उम्मीदवार को निर्वाचन आयोग के नियमों की पालना करनी होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल को कोई रैली या रोड शो का काफिला निकालना है तो इसके लिए प्रशासन से अनुमति लेनी जरूरी है। रोड शो का काफिला निकलता है तो उससे रोड जाम नहीं होना चाहिए। जहां पर अस्पताल व ट्रॉमा सेंटर होगा वहां से कोई भी राजनैतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेगी। इसके अतिरिक्त रात दस बजे से सुबह छह बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा।

### सोनीपत में आज सुनी जाएंगी समस्याएं

**झज्जर।** बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता यशवीर सिंह ने बताया कि वीरवार को उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के तत्वावधान में उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान को लेकर सोनीपत में उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक होगी। जिसमें झज्जर जिले के बिजली उपभोक्ता भी भाग ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक ओल्ड डीसी रोड,नजदीक आईटीआई चौक सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक होगी। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन जोनल सीजीआरएफ रोहतक करेंगे।

### रखरखाव का जिम्मा निजी संस्थाओं को सौंपने के बाद भी गंदगी की भरमार

# सेक्टर के पार्कों में समस्याओं का अंबार

**सेक्टर-6 के कई पार्क इन दिनों खुद बीमार स्थिति में है, जिनकी सुध लेने वाला कोई नहीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़




बहादुरगढ़। पार्क में पड़ी गंदगी दिखाते स्थानीय निवासी व कटाई के अभाव में पार्क में ऊंची हुई घास। फोटो : हरिभूमि

शहर के सेक्टर-6 में कई पार्कों में समस्याओं का अंबार लगा है। हालांकि नगर परिषद द्वारा आरडब्ल्यूए समेत कई सामाजिक संस्थाओं को पार्कों की रखरखाव का जिम्मा सौंप रखा है, लेकिन कई महीने से मकान नंबर-292 के सामने स्थित पार्क में ना तो घास काटी गई है और ना ही सफाई होती है। ऐसे में सुबह और शाम के समय यहां पर सैर करने के लिए आने वाले लोगों में काफी रोष है। इन लोगों का कहना है कि नप द्वारा अन्य संस्थाओं को काम सौंपने के बावजूद इसकी देखरेख का अभाव है। स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए सैर सबसे अच्छा साधन माना जाता है। जिसके लिए नागरिक पार्कों का रुख करते हैं। लेकिन सेक्टर-6 के कई पार्क इन दिनों खुद बीमार स्थिति में है, जिनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। स्थानीय निवासी दिनेश छिल्लर, शशिभूषण वर्मा, सुरेंद्र अहलावत, जयपाल सांगवान, बारूराम, भजनलाल, अजीत संधु, शेर सिंह यादव, पवन गर्ग, मनु, रमेश ठाकुर, सतीश गर्ग, दलपत चौहान, राजेश, वीरेंद्र मास्टर, जगबीर पूनिया, वीके रावत, सुरेंद्र गुलिया, व राजेश छिल्लर आदि ने बताया कि पार्क में सुबह के समय सैर करने वाले लोगों को काफी समस्याओं को सामना करना पड़ रहा हैं। पार्क में सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है। यहां सुविधाओं के नाम पर केवल समस्याओं का अंबार है। गंदगी के कारण यहां पर सैर करना तो दूर, कुछ क्षणों के लिए बैठना भी बीमारी को न्यौता देना है। कई महीनों से पार्क में घास नहीं काटी गई है। इन समस्याओं को लेकर नगर परिषद को अवगत करवाया जा जा चुका है। लेकिन कोई सुध नहीं ले रहा। पार्कों की मेंटेनेंस के लिए निर्धारित ग्रांट डकारी जा रही है। जिसके चलते नागरिकों में रोष है।



झज्जर। बैठक में चुनाव तैयारियों की समीक्षा करते हुए सामान्य पर्यवेक्षक।

## चुनाव प्रक्रिया के दौरान धन व शराब की आवाजाही पर रखें विशेष नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाए। सभी नाका पर यह सुनिश्चित किया जाए कि एक टीम निगरानी के लिए मौजूद रहे तथा आने-जाने वाले वाहनों की सघन तलाशी ली जाए। साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में स्वीप गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाए। यह बात सामान्य पर्यवेक्षक डॉक्टर एन प्रभाकर रेड्डी ने जिला रिटर्निंग अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह, डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन, जिले की चारों विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों तथा विभिन्न समितियों के नोडल अधिकारियों के साथ लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने जिले के सभी चार विधानसभा क्षेत्रों के बारे में भौगोलिक स्थिति के अलावा कुल मतदाताओं, मतदान केंद्रों, आवागमन सुविधाओं, विभिन्न टीमों की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान धन व शराब की आवाजाही पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए तथा गत वर्ष की तुलना में शराब की बिक्री की भी निरंतर समीक्षा की जाए।

## रेडक्रॉस स्वयंसेविकाओं ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। मानव कल्याण की शपथ लेती प्रिंसिपल डॉ. राजवंती शर्मा व स्वयंसेविकाएं।

बुधवार को शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। यूथ रेडक्रॉस व रैड रिबन सैल की स्वयंसेविकाओं ने मानव कल्याण के लिए शपथ ग्रहण की। स्वयंसेविकाओं ने रेडक्रॉस के मानव सेवा को समर्पित जीवन जीने का संकल्प लेते हुए रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हैनरी डयूनॉट को श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि मानव कल्याण के बिना विश्व का कल्याण असंभव है। रेडक्रॉस संस्था सद्भावना सहित भाईचारे व सेवा का भाव स्वयंसेविकाओं के मन में भरती हैं। यह मंच देश, कौम, मजहब, जाति की सीमाओं को पार कर मानव प्रेम, मद्द, रक्षा तथा दया करना सीखता है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नेहा नैन ने स्वयंसेविकाओं को बेहतर स्वास्थ्य, सेवा व भाईचारा के भावों को समझने व उनका अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस का मुख्य नारा, मानव धर्म व हमारी वैदिक संस्कृति का सार है। छात्राओं व स्टॉफ ने बड़ी ही बुलंद आवाज व इरादे के साथ रेडक्रॉस की शपथ ग्रहण की।

## शवगृह में हुई नए फ्रिजर की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। नागरिक अस्पताल की मोर्च्युरी। फोटो : हरिभूमि

नागरिक अस्पताल की शवगृह (मोर्च्युरी) की सुध ले ली गई है। यहां चार बॉक्स वाले फ्रिजर की व्यवस्था कर दी गई है। इस व्यवस्था के बाद अब यहां शवों की बेकद्री नहीं होगी। स्वास्थ्य कर्मियों और पुलिस कर्मियों को भी राहत मिली है। इस सरकारी अस्पताल के शव गृह में फ्रिजर संबंधित समस्या गहराई रहती थी। अक्सर फ्रिजर खराब हो जाते थे और फिर कई-कई महीनों तक ठीक नहीं हो पाते थे। ऐसी स्थिति में हालात बिगड़ने लग जाते थे। कई बार शव मिलने पर मौके पर पहचान नहीं हो पाती। इसलिए शव को पुलिस पहचान होने तक कम से कम 72 घंटे के लिए मोर्च्युरी में रखवाती है। लेकिन फ्रिजर खराब होने के कारण शव सड़ने से बचाने के लिए लगातार बर्फ की व्यवस्था करनी पड़ती थी। इतना ही नहीं, कई बार तो असहनीय दुर्गंध भी उठी रहती थी। इस वजह से आसपास मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों व अन्य लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। लगातार इस समस्या के स्थाई समाधान की मांग उठाई जा रही थी। अब आखिरकार यहां चार बॉक्स वाले नए फ्रिजर को इंस्टॉल कर दिया गया है। जिससे अब यहां शव के लिए बर्फ की व्यवस्था नहीं करनी पड़ेगी। एक कर्मचारी ने बताया कि फ्रिजर खराब होने के कारण काफी दिक्कतें झेलनी पड़ती थी। अब कहीं हद तक समाधान हो गया है।

वहीं, एक पुलिस कर्मी ने बताया कि गर्मी के मौसम में अज्ञात शवों को सड़ने से बचाने के लिए कई-कई बार बर्फ रखवानी पड़ती थी। यह सब खर्च या तो पुलिस खुद उठाती है, या फिर मृतकों के परिवार को देना पड़ता था। उम्मीद है कि अब व्यवस्था दुरुस्त रहेगी।



बहादुरगढ़। कंपीटिशन में भाग लेते छारा कॉलेज के छात्र-छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## छारा में हुए क्विज में प्रथम रहे दीपांशु

**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय छारा में बुधवार को विश्व रैडक्रास-डे के अवसर पर रैडक्रास यूनिट इंचार्ज श्वेता द्वारा क्विज कंपीटिशन करवाया गया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने का एक अच्छा माध्यम साबित हुआ। जिसमें बीए प्रथम वर्ष के छात्र दीपांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीए वर्ष के छात्र मोहित ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह क्विज प्रतियोगिता विभिन्न समस्याओं और समाज सेवा के महत्वपूर्ण मुद्दों पर आधारित थी। यहां विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया और सामाजिक सेवा में योगदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गीतांजलि समेत स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।

## कैंप में 70 छात्राओं का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कैंप में छात्रा का स्वास्थ्य जांचती चिकित्सक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में बुधवार को विश्व रैडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में महाराजा अग्रसेन सतनारायण गुप्ता हॉस्पिटल के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. किरण, दंत रोग चिकित्सक डॉ. निशा दहिया, एएसएम प्रदीप शर्मा, सार्थक व अमित आदि ने कैंप में लोगों का स्वास्थ्य जांचा।

कार्यक्रम की शुरुआत सर जीन हेनरी डुनेंट की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर की गई। प्राचार्या डॉ.आशा शर्मा ने कहा कि यह दिन हमें दूसरों की मदद करने और जरूरतमंदों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित करता है। हमें प्राथमिक सहायता, आपदा राहत और स्वास्थ्य शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों के बारे में लोगों को शिक्षित करना चाहिए। महाविद्यालय द्वारा लगाए गए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 70 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। डॉक्टर्स ने उन्हें दांतों तथा महिलाओं से सबंधित बीमारियों के बारे में बताया और उनसे बचने के सुझाव दिए। कैंप के आयोजन में सभी वॉलिंटियर्स, काउंसलर सुनीता रानी व दिव्या बंसल ने अहम भूमिका निभाई।



बहादुरगढ़। विजेता छात्राओं के साथ कॉलेज के स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## निबंध लेखन स्पर्धा में दीक्षु ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 'कैसे सामाजिक वातावरण मानसिक विचारों, भावनाओं और व्यवहार को प्रभावित करता है' विषय पर निबंध लिखे गए। प्रतियोगिता में पहला स्थान दीक्षू ने प्राप्त किया, दूसरा स्थान खुशी ने प्राप्त किया और तीसरा स्थान महिमा और निकिता ने सांझा किया। प्राचार्य सुमन हुड्डा के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अमित कुमार, जोगेंद्र सिंह व विभाग के प्रमुख डॉ. विकास यादव शामिल थे। छात्रों की विश्लेषणात्मक और संश्लेषण क्षमता से प्रभावित होते हुए उन्होंने छात्रों को भविष्य में सुधार के लिए कई सुझाव दिए।



बहादुरगढ़। सुखविंदर सिंह शयोरण का आभार जताते सतपाल राठी।

## सतपाल बने किसान मोर्चा उपाध्यक्ष

**बहादुरगढ़।** भाजपा किसान मोर्चा ने सतपाल राठी को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। सतपाल राठी ने अपनी इस नियुक्ति पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेश प्रभारी विप्लव कुमार देब, संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के साथ किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुखविंदर सिंह शयोरण का आभार जताया है। साथ ही कहा कि वे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से जिम्मेदारी को निभाते हुए संगठन को मजबूत करेंगे। किसानों के हित के लिए सदैव आवाज उठाते रहेंगे।

## पत्रकारिता में रोजगार के अनेक अवसर : डॉ. जसमेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर



झज्जर। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता। फोटो : हरिभूमि

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में बुधवार को जनसंचार विभाग के तत्वावधान में पत्रकारिता में रोजगार के अवसर और चुनौतियां विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में जाट कॉलेज रोहतक के जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉक्टर जसमेर हुड्डा मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने पत्रकारिता की ऐतिहासिक विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज की सूचना, शिक्षा और मनोरंजन संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पत्रकारिता का जन्म हुआ है। पत्रकारिता समाज की प्रहरी है। इस क्षेत्र में रोजगार के अनेक अवसर हैं। प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, विज्ञापन और जनसंपर्क में से किसी भी क्षेत्र में करियर बनाया जा सकता है। सोशल मीडिया तो घर बैठे रोजगार प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि मीडिया के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए समसामयिक विषयों का आधारभूत ज्ञान जरूरी है। विद्यार्थी समाचार पत्र का नियमित अध्ययन करें। भाषा पर अधिकार होना पत्रकारिता में सफलता की अनिवार्य शर्त है। उन्होंने अपने अभियान सुनो नहरों की पुकार के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया कि नहर के पानी में कोई सामान प्रवाहित न करें। प्रदूषित पानी के सेवन से शरीर में बीमारियां आती हैं। जनसंचार प्राध्यापक डॉक्टर अमित भारद्वाज ने कहा कि डिजिटल मीडिया में कोई भी व्यक्ति लैपटॉप या मोबाइल से ही काम शुरू कर सकता है। अच्छी बात यह है कि वह स्वयं ही रिपोर्टर, मालिक एवं संपादक होता है। कम पूंजी में वेब मीडिया में उद्यमी बन सकते हैं। आप सफल तभी होंगे जब सामग्री गुणवत्तापूर्ण और विश्वसनीय होगी। पर्यावरण, विज्ञान, आर्थिक और ग्रामीण मुद्दों पर काम करने की जरूरत है। इससे पूर्व प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने मुख्यातिथि का अभिनंदन किया। इस मौके पर डॉक्टर ऋतु, डॉक्टर अंकुर और जितेंद्र ने भी संबोधित किया।



- सूरहा कलोई की बेटी प्राची ने 63 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया
- सागर जाखड़ ने रजत पदक हासिल किया

झज्जर। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी प्राची धनखड़।

## एशिया चैंपियनशिप में प्राची ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

जिले की मुक्केबाज प्राची धनखड़ ने एशिया चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि जिले के गांव सूरहा कलोई की होनहार बेटी प्राची ने 63 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। इसके अलावा सागर जाखड़ ने रजत पदक हासिल किया। उन्होंने प्राची के पिता टीटू धनखड़ व मां अंजू धनखड़ तथा सागर के पिता समशेर जाखड़ व मां मंजू को बधाई देते हुए दोनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी प्राची धनखड़ अंतर राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर बेस्ट बॉक्सर का खिताब हासिल कर चुकी है। उन्होंने होनहार खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900